तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 23 मार्च 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



14 जल जीवन के लिए है अनिवार्य और महत्वपूर्ण...





14 एक मिलियन सीड बॉल और 50 हजार पौधे नर्सरी में...









## खबर संक्षेप

### फलों से भरा पिकअप एनएच 130 पर पलटी



**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्य मार्ग में तौरेंगा और जुगाड़ के बीच शनिवार को सुबह फल लेकर देवभोग की तरफ जा रहे एक पिकअप वाहन पलट गया। इन दिनों मैनपुर देवभोग मार्ग में लगातार दुर्घटनाएं बढ़ गई है आए दिनों वाहन पलटना आमबात हो गई है।

### ओम शांति भवन में होली मिलन आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** क्षेत्र के आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र खड़मा के ओमशांति भवन में 23 मार्च को प्रातः 11.30 बजे से होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

**तैयारी : स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए पालिका की व्यापक तैयारियां प्रारंभ**

# नवापारा पहुंचेगी स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम, पालिका प्रशासन मुस्तैद

नवापारा-राजिम। स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2024 की तैयारियों में नगर पालिका प्रशासन एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष की टीम जुट गई है। आगामी कुछ दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण करने वाली टीम नवापारा पहुंचेगी। जो 10 बिंदुओं पर नगर में स्वच्छता सर्वेक्षण का आकलन करेगी। इस वर्ष स्वच्छता सर्वे 10000 अंकों का किया जा रहा है। जिसके लिए 10 मापदंड तय किए गए है। नवापारा नगर पालिका अपनी पूर्व रैंक को एक बार फिर से लाने में प्रयासरत है। बता दे कि स्वच्छता रैंकिंग में दिखने वाली स्वक्षता पर 1500 अंक,कचरे की छटनी एकत्रीकरण एवं परिवहन पर 1000 अंक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर 1500 अंक, स्वच्छता तक पहुंच पर 1000 अंक, उपयोग हुए पानी के प्रबंधन पर 1000 अंक, मल निकासी सेवा का मशीनीकरण पर 500 अंक, स्वच्छता पर जागरूकता के लिए 1500 अंक, पारिस्थितिक तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं संस्थागत मापदंड पर 1000 अंक, स्वच्छता कर्मचारी की समग्र भलाई पर 500 अंक एवं जनजागरूकता, शिकायत निवारण पर 500 अंक निर्धारित है।





### जाम पड़ी नालियों की जा रही है सफाई

इस संबंध में पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू द्वारा सफाई सभापति सहदेव कंसारी पालिका अमले के साथ सुबह से ही वार्डों का निरीक्षण कर रहे है। रोड एवं नालियों की सफाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है। जाम पड़े नालियों की सफाई की जा रही है। कचरे के ढेर को जेसीबी के माध्यम से उठाकर उचित स्थान पर डिस्पोज किया जा रहा है। नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों में स्वच्छता के वॉल राइटिंग देखे जा सकते है। विभिन्न सफाई के संदेश के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जा रहा है। नगर के विभिन्न चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण कर स्वक्षता के स्लोगन लगाए जा रहे है।

### कार्ययोजना बनाकर किया जा रहा काम



नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि पालिका द्वारा नगर की सफाई के लिए नियमित रूप से प्रयास किए जा रहे है। प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में दौरा कर सफाई का निरीक्षण किया जा रहा है। नगरवासियों के सुझावों के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। सड़कों पर कचरा-गंदगी के खिलाफ पालिका अभियान चला रहा है। नगरवासियों से आग्रह है कि नगर को साफ स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें।

## 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे





**राजिम।** विधायक इन्द्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत ग्राम तुता में 15 जोड़े की सामुहिक शादी हुई जिसमें प्रति जोड़ा पांच हजार रुपए प्रदान किया गया इसके अलावा योगिता सिन्हा द्वारा थाली कटोरी दी गई। बताया गया है कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रति जोड़ा 35 हजार रुपए उनके खाते में जमा किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका बंजारे,जनपद सदस्य संतूराम साहू, ग्राम तुता के सरपंच भरत बैंस, सूरज साहू, परियोजना अधिकारी सुश्री रचिता नायडू, पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम डीपीओ मैडम सुश्री शैल ठाकुर के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन हेमंत साहू द्वारा किया गया।





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

# नेक में अच्छी ग्रेडिंग के लिए उत्तम पाठ्यक्रम व प्रबंधन की भूमिका महत्वपूर्ण : पाण्डेय

## ज्ञान को अपना कर ही पूरी दुनिया में बना सकते हैं अपनी अलग पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी में नैक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मूल्यांकन की प्रक्रिया एवं मानदंड पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पांचवे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति रहे प्रो. एसके पाण्डेय, एवं मुख्य वक्ता के रूप में शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद के पूर्व कुलपति प्रो. एलएस निगम थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के पूर्व कुलपति प्रो. एसके पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा एक राष्ट्र की ताकत है, एक विकसित राष्ट्र अनिवार्य रूप से एक शिक्षित राष्ट्र होता है। यह न केवल व्यक्तियों को ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत भी करती है। विकसित राष्ट्रों का इतिहास बताता है कि उनकी सफलता का आधार उनकी शिक्षा व्यवस्था रही है। चाहे वह विज्ञान, तकनीक, या संस्कृति हो, हर क्षेत्र में प्रगति तभी संभव है जब जनता शिक्षित हो। हम अपनी ज्ञान संपदा को अपना कर ही पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। शिक्षा और राष्ट्र के विषय पर संबोधित करते हुए उन्होंने महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, अरविंदो और विवेकानद के शिक्षा के प्रति विचारों से भी लोगों को अवगत कराया। आज अंग्रेजी में बोलने को ही शिक्षित और विद्वान समझा जाता है जबकि हमारी ज्ञान परम्परा भारतीय भाषाओं में हैं। कोई भी शिक्षण संस्थान तब अच्छे रैंकिंग में होते हैं जब उनमें अच्छे शिक्षक, छात्र, अच्छा प्रबंधन और अच्छा पाठ्यक्रम हो। संस्थान में शोध कार्य, पेटेंट, नवाचार और सामाजिक विकास से जुड़े शोधों की भूमिका पर ध्यान दिया जाना चाहिए। क्योंकि शैक्षिक बुनियादी ढांचे जैसे पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, डिजिटल संसाधन और अन्य सुविधाओं को मूल्यांकन का आधार माना जाता है।




### विश्वविद्यालय होना या न होना शिक्षा के लिए आवश्यक नहीं

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद के पूर्व कुलपति प्रो. एलएस निगम ने कहा कि विश्वविद्यालय होना या न होना शिक्षा के लिए आवश्यक नहीं है। ज्ञान का भंडार सिर्फ़ विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है। हमारे यहाँ प्राचीन काल में ऋषियों के आश्रम किसी विश्वविद्यालय से कम नहीं है। भारत में विश्वविद्यालय पहले बने और उसको नियंत्रित एवं निर्धारित करने के लिए कई सारे आयोग और परिषद बने। जितने आयोग और काउंसिल बनते चले गए उतनी ही शिक्षण संस्थानों की स्वयत्ता कमज़ोर होती गई। भारत अलग-अलग संस्कृतियों और भाषाओं का देश है। इसलिए सबका मूल्यांकन एक ही मानक से नहीं हो सकता। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद महलवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि पिछले पाँच दिनों से चल रहे इस कार्यक्रम में नैक के अलग अलग मानदंडों पर विस्तृत चर्चा हुई। हमें इस कार्यक्रम से विश्वविद्यालय के उत्थान के लिए कार्य करने में सहायता मिलेगी। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी ने मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के संबोधन का सार प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ पूनम वर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री से मिले चिकित्सा छात्र

रायपुर। सीजीडीएफ एवं जेडीए की टीम ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी से मुलाकात कर त्रिवर्षीय अवकाश के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान उन्होंने पोस्ट एमबीबीएस एवं तथा पोस्ट पीजी बांड की अवधि कम करने तथा बांड की राशि कम करने हेतु आग्रह किया गया। पीजी बांडेड डॉक्टर्स की वेतन विसंगति को दूर करने का आग्रह किया गया, जिनका वेतन पीजी (एमडी/एमएस) के छात्र से कम है। बांड खत्म करने तक संपत्ति गिरवी रखने के नियम को शिथिल करने और रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर मेडिकल कालेज में हॉस्टल की समस्या दूर करने की मांग की।

### अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती, संतों और महापौर को किया आमंत्रित

रायपुर। सामाजिक संस्था क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति ने 23 मार्च को अमर शहीद हेमू कालाणी की 102वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष किशोर आहूजा एवं मीडिया प्रभारी भरत पमनानी अन्य पदाधिकारियों के साथ दुर्गा माता मंदिर मढ़ी लिली चौक रायपुर के महंत सतगुरु अनंत पुरी गोस्वामी को आमंत्रित करने पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। इसके अलावा शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, देवपुरी गोदड़ीधाम की महंत अम्मा मीराबाई तथा महापौर व पार्षदों को भी कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया गया है।

मांग : बासीन में अघोषित बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या को लेकर विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन

# बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज में सुधार नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



ग्राम बासीन में अघोषित बिजली कटौती और वोल्टेज समस्या से ग्रामीण परेशान हो गए हैं। किसानों का खेत सुखा गया है। सरपंच गंगाबाई ओगरे ने बताया कि पिछले 3 साल पहले पेय जल के लिए बनाए हुए पानी टंकी अब तक चालू नहीं हुई है। शीघ सुधार नहीं हुआ तो जन आंदोलन करेंगे। वहीं विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा है।

पिछले 1 सालों से लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशानियों का सामना कर रहा है और इस बात की जानकारी सभी बड़े जनप्रतिनिधियों को भी दिया जा चुका है फिर भी इस में कोई सुधार नहीं हो पाया है।हाल में 10 वीं और 12वीं स्कूली बच्चों का पेपर चल रहा है और किसी भी समय लाइटें बंद हो जाता है जिससे उनकी पढ़ाई मे बाधा हो रही है। बच्चों के भविष्य को भी नहीं देखा जा रहा है। दिन में कम से कम 15 से 20 बार अघोषित बिजली बंद होता है जो सुबह 7 बजे से शुरू होकर रात 2 बजे तक चलता रहता हैं। वहीं बासीन के टोंगहिपारा बगीचे की ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना तीन महीने पहले ही दिया गया था लेकिन विभाग अब तक सुधार नहीं पाया है जिसकी वजह से किसानों की फसल बर्बादी की ओर है। खेत सूखा पड़ गया है। ट्रांसफार्मर खराब होने से पानी नहीं पल पाया और किसानों के बोर लाइनों में भी केवल 3 घंटे बिजली मिल रही है। बाकी कटौती से गांव के सभी किसान परेशान है। वहीं बासीन के मौलीपारा और मठपारा, खदानपारा, सतनामीपारा, टोंगीपारा, बड़ेपारा में पिछले एक सालों से लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान है। लो वोल्टेज के चलते पंखे ठीक से नहीं चल रहे हैं। अब फिर से भीषण गर्मी का मौसम आ गया है और वही परेशानी फिर से होने वाला है।

### पेयजल व्यवस्था ठप

अघोषित बिजली कटौती से गांव में पेयजल भी लोगों के पास नहीं पहुंच पाता और यह नई बात नहीं है। पिछले 1 सालों से विभाग को लगातार जानकारी दिया जा रहा है। बड़े जनप्रतिनिधि को फोन से लोगों द्वारा जानकारी दिया जा रहा है फिर भी कोई सुधार नहीं हो पाया है। पेयजल की व्यवस्था भी सुस्त पड़ा हुआ है। 3 साल पहले पेयजल के लिए विभाग द्वारा मौलीपारा में पानी टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन अब तक वह टंकी सुचारू रूप से चालू नहीं किया गया है। जगह -जगह पाइप बिछाए हुए और पाइप -लाइन फूटा हुआ है। बनाए हुए सी सी रोड को छोड़ा गया था जिसको आज तक नहीं बनाए है जिससे पूरे गांव मे इस लचर व्यवस्था का शिकार हुआ है। विभाग द्वारा इन सारी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो ग्राम वासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा काम, कलम बंद करके आंदोलन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं जिसकी सूचना देने सरपंच गंगा बाई ओगरे, जनपद सदस्य रोशन डहरिया, रेवा ओगरे सरपंच प्रतिनिधि, उपसरपंच दिलीप तोंडरे पंच तेज राम ध्रुव, प्रकाश तोंडरे, उमेश्वर साहू, पंचप्रतिनिधि एवनदास पुर्रे, योगेश यादव, किसान सूदन साहू, राजेंद्र रात्रे, ठाकुर तोण्डरे, डोमन धीवर, डुमेश्वर साहू, नारायण प्रजापति, संतोष माण्डले, टीकम सोनी, ओंकार पुर्रे, भगवानी तोंडरे, अश्वनी तोंडरे, प्रताप घृतलहरे, नवीन गुप्ता, यादराम साहू, देवनाथ साहू के साथ और भी ग्रामवासी शामिल थे।

# खुटेरी में विधि-विधान से मां शीतला की हुई मूर्ति स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम खुटेरी में ग्रामवासियों की तत्वावधान में श्रद्धालुओं की ओर से को शीतला माता की मूर्ति की नव निर्मित शीतला भवन में स्थापित किया गया। जानकारी के अनुसार गांव में स्थित शीतला माता मूर्ति पहले पुराने भवन में विराजमान थी, भवन बहुत पुराना हो गया था। ग्रामवासियों ने आपसी सहयोग से नवीन भवन निर्माण किया जिसमें धार्मिक अनुष्ठान एवं मंत्र उच्चारण के साथ विधान पूर्वक स्थापित किया गया। विभिन्न रमायण मंडली की प्रस्तुति हुई। धार्मिक आयोजन संत गोवर्धन शरण व्यास एवं उनके शिष्यों द्वारा हवन-यज्ञ कर विधि-विधान से शीतला माता मूर्ति को स्थापित कर दिया। इस अवसर पर सुबह गाजे-बाजे से नाचते गाते मूर्ति को गांव भ्रमण कराया गया और महिलाओं ने मंगल कलश यात्रा निकाली। वहीं विधि-विधान से हवन-यज्ञ में पूर्ण आहुति देकर मूर्ति को स्थापित किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से जनपद सदस्य नंदू यादव, खुटेरी सरपंच बेनी शंकर साहू, ग्राम अध्यक्ष चितरंजन सेन, उपाध्यक्ष धनजी निषाद, सचिव इतवारी यादव, वरिष्ठ नागरिक डा गया राम ,लीला राम सेन, बदराम सेन, सुन्दर विश्वकर्मा, द्वावारिका साहू, भुवन साहू कमल साहू, बैगा मानसिंग साहू, ऐनसिंग साहू, के आर वर्मा, सुखराम यादव, चिंता राम, उपसरपंच ढालू निषाद, प्रहलाद निषाद थे। जनपद सदस्य नंदू यादव ने कहा की शीतला माता की पूजा और स्थापना की परंपरा बहुत पुरानी है। ये हम सब की अराध्य देवी है। ग्राम की प्रथम पुजनीय देव स्थल है। माता से कामना करता हूं कि इस गांव में सदा शांति सुख समृद्धि बरकरार रहे। यहां सभी निरोग, स्वस्थ रहे।

# झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर वसूली, पत्नी के बाद अब पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अपने पूर्व प्रेमी को रेप के झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर 42 लाख रुपए फिरौती वसूल करने के आरोप में देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने एक महिला के बाद उसके पति को शुक्रवार को रायगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ब्लैक मेलिंग करने के आरोप में रत्नेश कौशिक उर्फ रितु को तीन माह पूर्व जनवरी में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है।

सौरभ द्विवेदी की शिकायत पर पुलिस ने रायगढ़ निवासी अनिल कौशिक को गिरफ्तार किया है। सौरभ ने पुलिस को बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से रत्नेश के साथ पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों आपस में एक दूसरे से मिलने लगे। सौरभ के अनुसार रत्नेश के परिजनों ने दोनों का विवाह करने इनकार कर दिया और रत्नेश की शादी रायगढ़ निवासी अनिल से कर दी।

### पारिवारिक विवाद का झांसा देकर संपर्क

सौरभ ने पुलिस को बताया है कि शादी के बाद रत्नेश ने उससे फेसबुक के माध्यम से दोबारा संपर्क किया। दोबारा संपर्क होने पर रत्नेश ने अपने पति तथा ससुराल के लोगों से विवाद होने का झांसा देकर अपने पति के साथ तलाक लेने सौरभ से पैसों की मांग की। सौरभ ने पैसा देने से इनकार कर दिया। तब रत्नेश ने सौरभ को झूठे रेप केस में फंसाने का झांसा देकर 42 लाख रुपए वसूल किए।

# बोड़की में मनाया गया विश्व जल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम बोड़की में 22 मार्च को मातृभूमि सेवा संगठन के द्वारा विश्व जल दिवस मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम नव निर्वाचित सरपंच नेतराम सिन्हा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात मातृभूमि सेवा संगठन के अध्यक्ष टोकेश कुमार साहू जल संरक्षण के लिए चिंतन और जल संरक्षण आवश्यकता बारे में अपना विचार रखे, मुख्य अतिथि सरपंच नेतराम सिन्हा के साथ और सभी सदस्यों के द्वारा जल की पूजन अर्चन करके जल संरक्षण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश साहू के द्वारा किया गया। इस दौरान मातृभूमि सेवा संगठन के सदस्य महेश साहू, हरिश्चंद्र सिन्हा, रेख राम सिन्हा, नंदन साहू, गुलाब पटेल, तुकेश्वर साहू शिक्षक, देवेंद्र साहू शिक्षक उपस्थित थे।

# भूमिपूजन की तैयारी करो मैं आऊंगा : कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर सीएम एवं कृषि मंत्री से मुलाकात





विधान सभा भवन रायपुर मे 20 मार्च को फिंगेश्वर के नगर विकास संघर्ष सेवा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक रोहित साहू से मुलाकात करते हुए कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र का नवनिर्मित भवन फिंगेश्वर में खुलवाने की मांग को लेकर विधायक रोहित साहू की अगुवानी में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा हैं जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने अतिशीघ्र भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया वहीं पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि भूमिपूजन की तैयारी करो मैं आऊंगा।

विधायक रोहित साहू ने सीएम एवं कृषि मंत्री से मुलाकात कराई तो प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि विगत छः सालों से कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर में संचालित है जहां पर कमरों का आभाव होने के बावजूद छात्र एवं छात्राएं नियमित रूप से अध्ययन करते आ रहे हैं। उनके अध्ययन एवं आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं होने से वे ब्लाक मुख्यायल फिंगेश्वर में किराए का मकान लेकर रहते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा कृषि महाविद्यालय को लेकर 15 करोड़ स्वीकृत किया गया है तो हम सभी चाहते है कि यह भवन फिंगेश्वर में ही बने। इस भवन को फिंगेश्वर में बनाने की मांग पूर्व से ही हमारे विधायक रोहित साहू से की जा चुकी है और इस मांग को विधान सभा सत्र मे प्रश्नकाल में उनके द्वारा मांग रखा गया है जहां पर आस्वासन मिला था। आज हम सभी प्रतिनिधि मंडल के सदस्य आपसे यही मांग करते है कि फिंगेश्वर में पोषित एवं पल्लवित हुई इस महाविद्यालय का निर्माण फिंगेश्वर की धरा में ही हो। प्रतिनिधि मंडल की मांग पर पूर्ण आश्वासन दिया गया।

विधायक रोहित साहू ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का इस मांग को लेकर रायपुर पहुंचने पर आभार जताया और कहा कि गरियाबंद कलेक्टर को कृषि कॉलेज के जमीन संबधी मांग पत्र अतिशीघ्र मिल जायेगा विकास की दिशा मे विधान सभा में कोई कमी नहीं होगी। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर फिंगेश्वर नगर में सर्वदलीय नगर विकास संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, उपाध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, सचिव किरणेश सोनी सह सचिव अशोक साहू कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, दीपक श्रीवास नगर पंचायत उपाध्यक्ष, नगर के वरिष्ठजन ओमप्रकाश बन्छोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, रामूराम साहू, उत्तम राजवंशी, परमानंद यादव, पार्षद कमल यदु, कमलेश कश्यप, अभिषेक सोनी,डोमार सिंह आदि प्रतिनिधि मंडल मे शामिल थे।

## 6 अप्रैल को अष्टमी और नवमी

# 30 मार्च से नवरात्रि शुरू, इस बार 8 दिन का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



इस बार चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रही है जो 8 दिनों की होगी। 6 अप्रैल तक चलने वाली नवरात्र के लिए क्षेत्र के देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई है। मंदिरों का रंग-रोगन, ज्योति कलश भवनों की साफ-सफाई के साथ उन्हें व्यवस्थित किया जाने लगा है। इसी कड़ी में रानी मां केरापानी मलेवा अंचल में प्रसिद्ध रानी मां केरापानी के समिति में 22 मार्च को प्रबंधन समिति द्वारा बैठक आहूत किया गया। मंदिर प्रबंधन द्वारा गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा का भी ध्यान रखते हुए व्यवस्था पुख्ता की जा रही है। 29 मार्च को शाम 4.33 बजे प्रतिपदा तिथि शुरू होगी, जो 30 मार्च को दोपहर 2.14 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के कारण 30 मार्च को ही चैत नवरात्र की कलश स्थापना होगी। चैत्र नवरात्र पर विभिन्न पुण्यकारी शुभ संयोग बन रहें हैं। पंडित गोलू शर्मा के अनुसार रविवार से शुरू होने के कारण देवी मां की सवारी हांथी है। जो समृद्धि व शांति का प्रतीक है। नवरात्र 6 अप्रैल तक रहेगी। क्योंकि पंचमी तिथि गौण हो गई। 5 को महाअष्टमी व्रत 6 को महानवमी का पाठ, कन्या पूजन, हवन व आरती के साथ पूजा संपन्न होगी। रानी मां केरापानी में ज्योत तेल राशि 751 रूपए और घी के लिए 1001 रूपए निर्धारित समिति द्वारा किया गया है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष चदर सिंह दीवान, सचिव मुक्तेश्वर दीवान, पुजारी दिलेश्वर दीवान, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, कमलेश्वर नायक, जानुराम दीवान, रेवाराम ध्रुव, कार्तिक निषाद, सेवक राम साहू, नरोत्तम, ग्राम पटेल घनश्याम साहू, कृष्णा साहू, हेमलाल दीवान, मंशा निषाद सहित सभी ग्राम के ग्राम प्रमुख और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# तालाब के पास तान दी दोमंजिला अवैध कमर्शियल बिल्डिंग, निगम ने तोड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कुशालपुर इलाके में पहाड़ी तालाब के पास एक व्यक्ति ने दो मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग का अवैध रूप से निर्माण किया हुआ था, जिसे शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने तोड़ने की कार्रवाई की। इसके अलावा निगम की टीम ने कुशालपुर चौक रिंग रोड से भाठागांव जाने वाले मार्ग पर अवैध रूप से बने 16 शेड, 12 पाटा-चबूतरा तथा 4 ठेले-गुमटी को भी हटाने की कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन-5 क्षेत्र के तहत कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से निर्मित कमर्शियल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की है। निगम की टीम इस क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण एवं कब्जों को हटाने की कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान निगम ने सबसे पहले कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से बनी कमर्शियल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप

### नप्रतिनिधियों की बैठक में किसान नेता हुए शामिल



**नवापारा-राजिम।** प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, संगठन प्रभारी अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री पवन साय की उपस्थिति में नवनिर्वाचित महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष की बैठक में किसान नेता चंद्रिका साहू भी शामिल हुए।

### निगम का बजट 28 को

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर का वार्षिक बजट 28 मार्च को सामान्य सभा की बैठक में पेश किया जाएगा। निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने सामान्य सभा की तारीख तय कर इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस सामान्य सभा में महापौर मीनल चौबे पहली बार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगी। निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभा सभागार में यह बैठक होगी। बैठक में प्रारंभिक एक घंटे प्रश्नकाल चलेगा। इसके बाद एमआईसी की बैठक में लिए गए संकल्पों पर निर्धारित एजेण्डों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा।

## निधन

### ईश्वरी प्रसाद मिश्रा

**राजिम।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक ईश्वरी प्रसाद मिश्रा का शुक्रवार को



निधन हो गया। वे बिजली ऑफिस के सेवानिवृत कर्मचारी थे। उनका अंतिम संस्कार सुबह स्वर्णतीर्थ घाट में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे अशोक मिश्रा, रामनारायण मिश्रा के भाई थे।

# 12 किमी दूर से प्रश्नपत्र कोरासी में लाने के बाद एक बच्चे ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासन द्वारा लगभग 15 साल के पश्चात आठवीं की बोर्ड परीक्षा से पेपर लिया जा रहा है जिसके लिए परीक्षा को एक तिथि और एक पेपर सहित लिया जा रहा है। परीक्षा के पूर्व प्रश्न पत्र थाना में जमा कर दिया गया है और परीक्षा के दिन ही संकुल से प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा प्रभारी परीक्षा केंद्र पहुंचते हैं और संबंधित विषय का पेपर ले जाकर परीक्षार्थियों से पेपर लेते हैं, लगभग 15 वर्ष पूर्व जब सर्व शिक्षा अभियान एवं अन्य योजना संचालित नहीं थी तब दूर-दूर स्कूल होने की वजह से परीक्षा केंद्र में काफी संख्या में परीक्षार्थी रहते थे किंतु लगभग 15 साल के बाद स्थिति बदली है और अब प्रत्येक गांव में माध्यमिक शाला होने की वजह से काफी कमी आई है इस वजह से परीक्षा अब एक औपचारिकता ही लग रहे हैं क्योंकि शासन का आदेश है कि सभी स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया जाए और क्षेत्र के लगभग 100 मिडिल स्कूल संचालित है जिसे परीक्षा केंद्र बनाया गया है एवं सभी का पेपर दिलाने के लिए स्कूल के शिक्षक के अलावा एक केंद्र प्रभारी तय किया गया है दोनों मिलकर परीक्षाओं का संचालन करते हैं, किंतु क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक शाला कोरासी में सिर्फ एक ही बच्चे आठवीं में अध्यनरत है और उनकी परीक्षा देने के लिए दो शिक्षक तैनात है एवं उनके लिए लगभग 12 से 13 किलोमीटर की दूरी तय करके प्रश्न पत्र संकुल केंद्र खड़मा और खड़मा से कोरासी ले जाया गया है।

### 8वीं बोर्ड की परीक्षा में 1 परीक्षार्थी और दो शिक्षक






#### 3 प्राथमिक शाला में 5वीं के एक भी बच्चे नहीं

वर्तमान समय में इस प्रकार के स्कूलों का सविलियन की लगातार चर्चा चल रही है उनका एक बड़ा कारण है कि कम से कम स्कूलों में 10 से 20 बच्चे रहे तभी सभी प्रकार के गतिविधियों का संचालन हो पाता है। इसी प्रकार अभी कक्षा पांचवी बोर्ड भी तय किया गया है जिसके लिए 15 किलोमीटर एक परीक्षार्थी के लिए पेपर ले जाया जा रहा है 232 प्राथमिक शाला में 3 प्राथमिक शाला में एक भी बच्चे पांचवीं का नहीं है एवं 7 स्कूल में सिर्फ एक बच्चे पांचवी का पेपर दे रहे हैं इसे पता चलता है कि शासन के स्कूलों के प्रति पालको एवं बच्चों का क्या रुझान है?

### तुगलकी फरमान से सचिव संगठन डरने वाला नहीं : सचिव संघ

# पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी, आदेश की कॉपी को जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



पंचायत सचिव संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के पांचवे दिवस जनपद पंचायत चुरा के सचिव साथी गण स्थल पर काफी आक्रोशित रहे। ज्ञात होगी ग्राम पंचायत के सचिवों के हड़ताल में चले जाने से ग्राम पंचायत के प्रशासनिक कामकाज पूरी तरह ठप हो गए हैं जिस कारण प्रशासन भी सकते में आ गया है और पंचायत संचनालय छत्तीसगढ़ शासन से आदेश जारी किया गया की पंचायत सचिव हड़ताल से वापस होकर 24 घंटे के भीतर पंचायत में कामसंभाले अन्यथा सचिवों के ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है जिसका सचिव संगठन ने पुरजोर विरोध किया है और हड़ताल स्थल पर ही उक्त आदेश कि प्रति को आग के हवाले कर जला दिया गया।

सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर ने कहा कि सचिवों का एक ही मांग है शासकीय करण और यह शासकीय करण मोदी की गारंटी में शामिल है तो शासन को तत्काल हमारी मांगों को पूरा करना चाहिए इस प्रकार के तुगलकी फरमान और आदेश जारी करने से सचिव संगठन डरने वाला नहीं है सचिव संगठन आर पार की लड़ाई में है बिना शासकीय करण की सौगात लिए इस बार सचिव संगठन पीछे हटने वाला नहीं है शासन किसी भी स्तर पर हड़ताल को दबाने का प्रयास करते हैं तो उसका संगठन के माध्यम से पुरजोर विरोध किया जाएगा और अपनी मांगों को मनवा कर ही रहेंगे। आज के हड़ताल स्थल में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर के नेतृत्व में बोधन साहू, गजेंद्र साहू, गणेश साहू, तीरथ नेताम, भगवानी ध्रुव, केसर साहू, देवानंद यादव, भुवनेश मरकाम, भुवनेश्वर ध्रुव, भूपेंद्र सेन, घनश्याम यादव, अंबालाल चंद्राकर, भीखम यादव, पीलादाऊ पटेल, देचद ध्रुव, सुरेश साहू, युवराज साहू, हेमंत साहू, रूप सिंह ध्रुव, हरिश्चंद्र ध्रुव, ताराचंद साहू, लक्ष्मण भोई, धनेश्वरी ध्रुव, उषा साहू, सोमेश्वरी साहू, कमला ध्रुव, भुवनेश्वरी साहू, दुर्गा ठाकुर, गीतेश्वरि साहू, कमल नारायण यादव, सरोज ठाकुर, राम गोपाल साहू, विष्णु साहू, संतोष यादव, डोमन ध्रुव, सुरेश ध्रुव, रामचंद्र ध्रुव, देवेंद्र ठाकुर, दामोदर सोरी, पवन नागेश, द्वारिका साहू, द्वारिका सेन सहित जनपद पंचायत के समस्त सचिव साथी उपस्थित रहे।

# पंचायत सचिव की हड़ताल के चलते पंचायत कार्य हो रहे प्रभावित : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते पूरे क्षेत्र में पंचायत संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों के बाद नवनिर्वाचित सरपंचों ने अपना कार्यभार संभालना शुरू ही किया था कि पंचायत सचिवों के हड़ताल ने स्थिति को जटिल बना दिया।कई पंचायतों में अब तक सरपंचों को विधिवत पदभार ग्रहण करने का अवसर नहीं मिल पाया है, जिससे ग्रामीण विकास के कार्य और जनकल्याणकारी योजनाएं रुकी पड़ी हैं।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित सरपंच रूपेश साहू ने बताया कि पंचायत सचिवों के बिना पंचायतों का सुचारू संचालन असंभव हो गया है। मनरेगा जैसे रोजगारमूलक कार्यों से लेकर, पेंशन, राशन, निर्माण कार्य और अन्य योजनाएं ठप पड़ी हैं। ग्रामीण जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन शासन–प्रशासन अभी तक इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। उन्होंने आगे कहा कि कई सरपंचों को अभी तक आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण करने का मौका भी नहीं मिला है,जिससे प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।उन्होंने मांग की कि शासन पंचायत सचिव संघ की जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे ताकि हड़ताल समाप्त हो और पंचायतों का कामकाज दोबारा पटरी पर आ सके।

रूपेश साहू ने चेतावनी दी कि यदि शासन जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लेता, तो वे स्वयं सचिव संघ के हड़ताल का समर्थन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, और उनकी समस्याओं को अनदेखा करना विकास कार्यों को ठप करने के समान है। सरकार को अविलंब सचिव संघ की मांगों पर विचार कर हड़ताल समाप्त करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए ताकि पंचायत व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके और जनता को राहत मिल सके।

# मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी: लोकेश्वरी



**मैनपुर।** क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है क्षेत्र की जनता ने पूरे जिले में सबसे ज्यादा मतो से मुझे विजयश्री दिलाकर क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार तिसरी बार जिला पंचायत भेजा है क्षेत्र की जनता की समस्या मेरी समस्या है उक्त बाते ग्राम बरगांव, कुर्रूभाठा, पयलीखण्ड, जांगड़ा पहुंचे जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कही। जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के बाद पहली बार इन ग्रामों में पहुंचे लोकेश्वरी नेताम का ग्रामीणों ने गाजे-बाजे फूलमाला के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। श्रीमति नेताम ने कहा की क्षेत्र में सड़क, पुल पुलिया, बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उनके द्वारा हर संभव प्रयास किया जायेगा। ग्राम पयलीखण्ड के ग्रामीणों ने बताया यहां क्रेड़ा विभाग द्वारा पेयजल सप्लाई के लिए सौर प्लेट लगाया गया है लेकिन पानी नहीं चल पा रहा है साथ ही कई गांवों में हैंडपंप खराब पड़े हुए है जिस पर लोकेश्वरी नेताम ने तत्काल संबधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्या से अवगत कराते हुए समस्या समाधान करने को कहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत जांगड़ा के सरपंच अरविंद नेताम, तौरेंगा के सरपंच सोहन्तिन सोरी, उपसरपंच भानुप्रताप सिन्हा, विशाल सोरी, नंदलाल नागवंशी, जयराम नागवंशी, भुवन यादव, रोहित, माधव सिंह, दल्लुराम, जबलसिंह, हेमंत नेताम, जगबंधु सिन्हा ओमप्रकाश ठाकुर, रमेश पुजारी, धनसिंह, भागीरथी, राजकुमार, दुर्जन, घन"याम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ईमानदारी और मेहनत से काम करने वाला व्यक्ति शिखर तक पहुंचता है : नंदनी

**छुईहा बेलर।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से निर्वाचित गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य नंदनी ओमकार साहू का ग्राम बिजली में शनिवार को प्रथम आगमन हुआ। जनपद सदस्य नंदू यादव, ग्राम पंचायत बिजली सरपंच पदमा मोती राम निषाद, पूर्व जनपद सदस्य किर्ति गजेंद्र निषाद, पंच डोमन साहू,राजू सिन्हा पीतांबर साहू, पंच धनराज गुलाप साहू, मोहन साहू भाजपा कार्यकर्ता, ग्राम वासियों ने गुलदस्ता भेंटकर एवं फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया और शाल स्मृति चिन्ह भेंट की। जिला पंचायत सदस्य नंदनी ओमकार साहू ने कहा कि ईमानदारी व मेहनत से काम करने वाला व्यक्ति उच्च शिखर तक आसानी से पहुंच जाता है। इसके प्रमाण हैं जो देख रहे हैं। जनता में विश्वास कायम रखने वाले हर सम्भव प्रयास करती रहूंगी। आगे जिला पंचायत सदस्य



ने कहा की आपके हक अधिकार की लड़ाई को काफी लगन और मेहनत से यह आगे बढ़ाएंगें। जिला पंचायत सदस्य नंदनी ओमकार साहू के साथ सहकारी समिति अध्यक्ष बाबू लाल साहू, दूजलाल साहू भी पहुंचे थे।

# सड़क पर गिरी धान की बोरियों को थाने में कराई जमा

**गरियाबंद।** ईमानदारी और सामाजिक कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करते हुए साई कोचिंग रायपुर, धमतरी, जगदलपुर, गरियाबंद के संचालक हेमंत कुमार सिन्हा ने सड़क पर गिरी धान की बोरियों को पांडुका थाने में जमा कराया। सिन्हा गरियाबंद जा रहे थे, तभी उन्हें सड़क पर धान की कुछ बोरियां गिरी हुई दिखाई दीं। उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और धान की बोरियों को सड़क के किनारे सुरक्षित रखा। सिन्हा जी ने बताया कि सड़क पर धान पड़ा रहने से दुर्घटना की आशंका थी, इसलिए उन्होंने तत्काल



धान की बोरियों को सड़क के किनारे सुरक्षित रखा और फिर इसकी सूचना पांडुका थाने को दी। पांडुका थाने के अधिकारियों ने सिन्हा जी की ईमानदारी और सामाजिक कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि सिन्हा जी का यह कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है। पुलिस ने धान की बोरियों को अपने कब्जे में ले लिया है और असली हकदार की तलाश कर रही है। जिस किसी का भी यह धान है, वह उचित प्रमाण प्रस्तुत कर पांडुका थाने से इसे प्राप्त कर सकता है। सिन्हा जी की इस ईमानदारी और सामाजिक कर्तव्यनिष्ठा की हर ओर सराहना हो रही है। उनके इस कार्य ने समाज के प्रति सच्ची निष्ठा और ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# आदेश की प्रतियां जलाई, किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और तेज होती जा रही है, 17 मार्च से जारी इस आंदोलन के बीच पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ ने 21 मार्च को एक आदेश जारी कर सचिवों को 24 घंटे के भीतर कार्य पर लौटने के निर्देश दिए हैं। आदेश में हड़ताल समाप्त न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। मैनपुर जनपद धरना स्थल पर बैठे पंचायत सचिवों ने शनिवार को आदेश के प्रति जलाकर अपना आक्रोश प्रकट किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सचिवों का कहना है कि अपने मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं और जब तक उनकी मांग शासकीयकरण पूरी नहीं होती तब तक वह पीछे हटने वाले नहीं है। हड़ताली पंचायत सचिव अपनी सिर्फ एक ही मांग शासकीयकरण को लेकर आंदोलन कर रहे हैं उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के पूर्व मोदी की गारंटी के रूप में हमारी मांग को शामिल किया गया, घोषणा पत्र के 7 वे नंबर पर रखा गया था , 400 दिन बीत जाने के बाद आज तक सरकार में कुछ नहीं किया सरकार लगातार आश्वासन देती रही है लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

- सचिवों को 24 घंटे के भीतर कार्य पर लौटने के निर्देश



#### सचिव संघ के हड़ताल से कार्य प्रभावित

इधर हड़ताल से प्रदेश के ग्राम पंचायतों का कामकाज ठप हो गया है। ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में दिक्कते आ रही है। शासन ने पंचायत सचिवों से हड़ताल समाप्ति करने की अपील करते हुए कहा है कि यदि वह जल्द काम पर नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत को भी निर्देश दिया गया है कि वह सचिवों को समझाकर वापस बुलाने का प्रयास करें। अनिश्चितकालीन हड़ताल में मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ प्रेमलाल ध्रुव, त्रिवेंद्र नागेश,दसरू जगत, अनिला नेताम, भोलाराम चक्रधारी, रामेश्वर धुव पालिस राम नेताम, संजय राजपूत, तुकाराम नायक, घनश्याम नागेश, संजय राजपूत, योगेंद्र यादव, सालिक राम पटेल, ओम प्रकाश कोमर्रा, कुलदीप मरकाम, निर्मल देशमुख, भूपेंद्र नेताम, मनोज साहू, डिगेश्वर यादव, लक्ष्मी नाथ धुव, संजय नंदलाल, सत्य रंजन हंसराज, विनोद बिहारी, चंपेश्वर दास वैष्णव, अशोक महंती, संतोष गुप्ता, परमेश्वर सेठी, अब्दुल सलाम खान, कैलाश यादव, डोमेश्वरी महिलांगे, उपेंद्र नेताम, भुनेश्वर यादव, कैलाश ठाकुर, सहित जनपद पंचायत के सभी सचिव मौजूद रहे।

# ज्योति कलश यात्रा पहुंची छुईहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री तीर्थ स्थल से जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में पूरे देश में ज्योति कलश यात्राएं शक्ति कलश को गायत्री परिवार साथ लेकर चल रहा है। यही ज्योति कलश यात्रा शक्ति कलश के साथ शनिवार को ग्राम छुईहा पहुंची। जिसका गायत्री परिवार द्वारा प्रज्ञा मंडल गायत्री मंदिर में दर्शनार्थ रखे गए जहां वैदिक मंत्रों उच्चारण से पूजा अर्चना किया गया। गायत्री परिवार मीरा देवी सिन्हा, डॉ. राजाराम सिन्हा, चेतन सिन्हा, नारद साहू, भागवत साहू, सोहेन्द्र साहू, भागीरथी सिन्हा ने कहा की संत पंचमी सन् 1926 में परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा अखण्ड ज्योति प्रज्वलन तथा परम वन्दनीया माताजी भगवती देवी शर्मा



के जन्म की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली इन ज्योति कलश यात्राओं की सफलता के लिए शान्तिकुञ्ज से इस क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से छुईहा फिर आगे ग्राम की ओर रवाना हुई। ये हमें उमंग-उल्लास से भर कर कर्त्तव्य और अनुशासनों की याद दिलाते हुए जीवन पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं। अखण्ड ज्योति और परम वंदनीया माताजी के अवतरण का शताब्दी वर्ष-2026 भी एक ऐसा ही विलक्षण अवसर है। यह गायत्री परिवार के लिए नवजागरण का संदेश लेकर आया है। ज्योति कलश यात्राओं के आयोजन के लिए प्रत्येक ग्राम के कार्यकर्त्ताओं में भरपूर उत्साह दिखाई दिया। शानदार संकल्प उभरे, कार्यकर्त्ताओं ने इन यात्राओं को सम्पन्न कराने के लिए अपने-अपने समयदान के संकल्पों की घोषणा की। समूह चर्चा में यात्रा की उपलब्धियों के लक्ष्य भी निर्धारित किए गए।

### सज्जन व्यक्ति का कभी कोई बुरा नहीं कर सकता

# कर्मों का फल अवश्य मिलता है : ऋषभ सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित प्रवचन सभा में जैन मुनि ऋषभ सागर ने जीवन में अच्छे कर्मों, विनय, क्षमा और समय के महत्व पर गूढ़ विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि दूसरों को नुकसान पहुंचाने का विचार स्वयं को ही नुकसान पहुंचाता है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्मों का फल स्वयं ही भोगना पड़ता है। मुनि श्री ने उदाहरण देते हुए समझाया कि सज्जन व्यक्ति का कभी कोई बुरा नहीं कर सकता और दुर्जन व्यक्ति का कोई भला नहीं कर पाता। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबको समान रूप से मिलता है, लेकिन बंद आँखों वाले को वह प्रकाश नहीं दिखता, उसी प्रकार सज्जनता और दुर्जनता के अपने परिणाम होते हैं।



#### कठिनाइयां हमें मजबूत और परिपक्व बनाती हैं

उन्होंने कहा कि समय कई बार हमें कुछ सिखाने के लिए कठिन परिस्थितियां देता है। जैसे सोने को तपाकर कुंदन बनाया जाता है, वैसे ही जीवन की कठिनाइयां हमें मजबूत और परिपक्व बनाती हैं। हमें परिस्थितियों से भागने की बजाय उनसे सीखना चाहिए। मुनि श्री ने संबंधों की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि संबंधों से अधिक, संबंध निभाने की भावना महत्वपूर्ण होती है। उदाहरणस्वरूप उन्होंने कहा कि /"जैसे एक पेड़ अपनी छाया सबको देता है, वैसे ही हमें भी दूसरों के प्रति प्रेम और आदरभाव रखना चाहिए।

#### विनय और क्षमा की महानता

"विनय में इतनी ताकत होती है कि वह पत्थर को भी पिघला सकता है।" उन्होंने बताया कि जब किसी व्यक्ति के व्यवहार में विनम्रता होती है, तो वह सबसे सम्मान प्राप्त करता है। इसी तरह, /"क्रोध करना अपने साथ बुरा करना है और क्षमा करना अपने साथ भला करना/" यह सिद्धांत हमें आंतरिक शांति देता है। मुनि श्री ने एक सुंदर उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार बैंक का कैशियर आपको पैसे तभी देता है जब आपके खाते में धन जमा हो, वैसे ही जीवन में अच्छे परिणाम तभी मिलते हैं जब हमने अच्छे कर्म किए हों। इसलिए, हमें सतत अच्छे कर्म करते रहना चाहिए, क्योंकि उनका शुभ फल कभी भी मिल सकता है। मुनि ऋषभ सागर जी के इस प्रवचन से श्रद्धालु अत्यंत प्रेरित हुए और उन्होंने अपने जीवन में अच्छे कर्मों को अपनाने का संकल्प लिया। उनकी यह अमृतवाणी न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करने वाली थी, बल्कि जीवन को सफल बनाने के लिए एक अमूल्य मार्गदर्शन भी थी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ललित पारख, विकास पारख, मनिष पारख, सुमित पारख, सुरज पारख, मिलेश्वरी साहू, डाक्टर जोशी सहित बडी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु और भगिनी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## आप पार्टी के पाठक छत्तीसगढ़ के नए प्रभारी

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पीएसी की बैठक में डॉ. संदीप पाठक को छत्तीसगढ़ का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। डॉ. पाठक वर्तमान में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हैं। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, हमारे छत्तीसगढ़ के बेटा आम आदमी पार्टी के चाणक्य के नाम से जाने जाने वाले डॉ.संदीप पाठक, राज्य सभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। उनके मार्गदर्शन में हम सबको काम करने का अवसर मिलना हम सब के लिए सौभाग्य की बात है। आने वाले समय में डॉ. पाठक के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में आम आदमी पार्टी जनता के सामने अपनी विचारधारा को रखेगी और प्रदेश में जनता से हो रहे अन्याय के खिलाफ मजबूती से अपना पक्ष रखेगी।

## छत्तीसगढ़ में कृषि के लिए मांगा विशेष पैकेज

**रायपुर।** लोकसभा में शुक्रवार को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्वोत्तर राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ को भी कृषि क्षेत्र में विशेष पैकेज देने की मांग की। छत्तीसगढ़ में 30% आदिवासी और लगभग 12% अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं।

### दिवस : परसदा अमृत सरोवर में जल संरक्षण दिवस मनाया गया

# जल जीवन के लिए है अनिवार्य और महत्वपूर्ण, दुरूपयोग से बचें : रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम परसदा के अमृत सरोवर में शासन के निर्देशानुसार जल संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रमेश कुमार वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत परसदा ने लोगों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाते हुए कहा कि जल हमारे जीवन के लिए अभिन्न और महत्वपूर्ण है। यह हमारे शरीर के ऊर्जा स्त्रोत, स्वास्थ्य और संतुलित विकास का मूल आधार है। जल के बिना हम ना तो जीवित रह सकते हैं और ना ही कोई जीवन रूपी रचना अस्तित्व में आ सकती है। यदि हम जल संरक्षण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़ी पानी की कमी से पीड़ित रहेगी। तारिणी साहू उप सरपंच ने कहा कि जल है तो कल है जल हमारे शारीरिक कार्यों के अलावा कृषि, बिजली,उद्योग तथा खाना पकाने के साथ-साथ सफाई जैसे रोजमर्रा के कार्यों में भी पानी की आवश्यकता होती है। अतःहम सभी लोगों को जल संरक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सरपंच रमेश वर्मा, उप सरपंच तारिणी साहू, सब इंजीनियर राकेश सोनी, मनरेगा मेट टीकू यादव, रोजगार सहायिका माधुरी साहू, मेट योगेश यादव, मालती ध्रुव, लुकेशलता साहू, संतराम बारले, मोहन साहू, ओमकार यादव, पप्पू साहू, लक्ष्मण साहू, गणेश वर्मा, हरिश्चन्द्र साहू, अश्वनी तारक, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।






### विश्व जल दिवस पर स्कूली बच्चों को दिलाई गई शपथ

छुरा। विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर पर शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में समाज सेवी शीतल ध्रुव, संकुल ब प्राचार्य केके साहू, संकुल समन्वयक खोलबाहरा निषाद, सेजेश इंग्लिश मीडियम शिक्षिका (केंद्राध्यक्ष) राजेश्वरी वर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा के प्राचार्य संतोष वर्मा की उपस्थिति में शीतल ध्रुव, केके साहू सर द्वारा जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं जल संरक्षण के लिए बच्चों को शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

## आत्मानंद स्कूल में विश्व जल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता हुई



राजिम। नगर के स्वामी आत्मानंद रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट विद्यालय में विश्व जल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने जल और पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व तथा जल संकट से बचाव के विभिन्न उपाय बताए। 'जल ही जीवन है' की प्रासंगिकता पर विश्व को जल संकट से बचाने व जल संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसे पहली बार ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट सम्मेलन की अनुसूची क्रमांक 21 में आधिकारिक रुप से इसे जोड़ा गया था। तदानुसार यह वर्ष 1993 से सभी जगह मनाया जाने लगा। इसी तारतम्य में विद्यालय में विज्ञान प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आयोजित जल दिवस पोस्टर, स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता में साइंस क्लब छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए जल संरक्षण के प्रति सजगता विषयक स्लोगन वपोस्टर बनाए एवं नन्हें छात्र छात्राओं को दैनिक जीवन शैली में पानी बचाने के उपायों की जानकारी दी। एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा, व्याख्याता मधु गुप्ता ने छात्रों को जल संकट की भयावहता और सीमित उपयोग की अनिवार्यता पर विचार व्यक्त किए। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा मोनिका देवांगन, लक्ष्मी वर्मा, माही सोनी, गुंजा साहू, गरिमा साहू, सोनाली सोनी, जिनेन्द्र साहू तथा भाषण प्रतियोगिता में रूमीना शाह, लोकेश यादव, विवेक साहू, महावीर पटेल,जीत सोनी,गौरव ने सराहनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य संजय एक्का ने प्रतिभागी छात्रों की भूरि भूरि प्रशंसा की और विद्यार्थियों जल बचाने की सलाह दी। शिक्षिका नीता यादव, पुणेन्द्र बाघमार, शशिकला सिन्हा, निराली यादव, सुरेखा साहू इत्यादि शिक्षकों छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

## पार्षद सलीम ने करवाई हैंडपंप की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित पार्षद सलीम मेमन ने शपथ ग्रहण करते ही वार्ड में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी के पास बहुत दिनों से बंद पड़े हैंड पंप को स्वयं उपस्थित हो कर ठीक कराया और साथ ही लगे नाली की सफाई भी करवाया, और आज नगर अध्यक्ष एवं नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ वार्ड का सर्वे करके वार्ड की समस्याओं से रूबरू हुए और नए काम का सर्वे किए। उन्होंने ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सफाई, पानी व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था रहेगी, सलीम मेमन ने वार्ड वासियों को कहा है कि जो भी समस्या है वो उनसे संपर्क कर सकते है, यथा संभव समस्या को हल करने का प्रयास किया जाएगा।



## गंगा इमली का फल पक्क कर तैयार






**मैनपुर।** गंगा इमली का फल पक्क कर तैयार हो चुका है। मैनपुर सहित क्षेत्र के ग्रामों में गंगा इमली के वृक्षों में फल लदा हुआ है और बच्चे सुबह से इन वृक्षों के नीचे गंगा इमली तोड़ते नजर आते है। इस फल को बहुत चाव से खाया जाता है काफी स्वादिष्ट फल होता है।

## रानीपरतेवा में रामचरित मानस महायज्ञ जारी

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में समस्त ग्रामवासी एवं कृपा प्राप्त शिष्यों द्वारा 21 मार्च से 24 मार्च दितक तीन दिवसीय श्री रामचरित मानस महायज्ञ सद्गुरुदेव श्री श्री 108 संत श्री सिया भुनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज परम पुज्य गुरुदेव जी ब्रह्मलिन के सुक्ष्म सानिध्य में कृपा पात्र शिष्य महामंडलेश्वर संत श्री सिया गोवर्धन शरण व्यास जी सिरकट्टी आश्रम कुटेना के द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ 21 मार्च को संध्या चार बजे से कलश शोभायात्रा से प्रारंभ किया गया। शनिवार को यज्ञ प्रारंभ सुबह 7:00 बजे एवं दोपहर में भजन कीर्तन कीर्तनकार जगदीश प्रसाद, चंद्रहास, भगवान दास जी बिगेन्द्र दास बृजमोहन दास के द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। तथा रात्रि काली कार्यक्रम पंडवानी का आयोजन होना है। वहीं तृतीय दिवस 23 मार्च को यज्ञ प्रारंभ सुबह 7:00 बजे भजन कीर्तन कथा वाचक संत रामसेवक शरण महाराज, संत मिथिला शरण महाराज, श्रीसंत रामानंद शरण महाराज तथा संत समर्पण शरण महाराज के द्वारा किया जावेगा। रात्रि कालीन कार्यक्रम संगम रामधुनी छिपली के द्वारा प्रस्तुति किया जाना है। दिनांक 24 मार्च को यज्ञ पूर्ण आहुति एवं गीता प्रवचन महामंडलेश्वर संत श्री सिया गोवर्धन शरण व्यास जी के द्वारा किया जाएगा।



## सेंट जॉन्स स्कूल में मनाया गया कॉनक्लेव सेरेमनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर में स्थित सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के पालक समिति के अध्यक्ष सलीम मेमन सदस्य हुमेश्वरी ठाकुर संस्था के निर्देशक शैजू जेकब, प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जेकब, शैक्षणिक निर्देशक सुमंत कुमार आचार्य उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकगण अन्य कर्मचारी एवं छात्र - छात्राओं उपस्थित रहे। जिसमें बच्चों का भाषण, संगीत एवं डांस भी शामिल था। यूकेजी के सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि और प्राचार्य के मध्यम से सभी बच्चो का परीक्षा प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक सामग्री देकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम शुभ घड़ी में पालक समिति के अध्यक्ष सलीम मेमन ने कहा की आप सभी ने कड़ी मेहनत की है और अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। आपका भविष्य उज्ज्वल हो, यही मेरी कामना है।

शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें ज्ञान और कौशल प्रदान करती है जो हमें जीवन में सफल होने में मदद करते हैं। मुझे उम्मीद है कि आप सभी अपनी शिक्षा का उपयोग समाज के लिए करेंगे और एक बेहतर दुनिया बनाने में मदद करेंगे। साथ ही संस्था के प्राचार्य श्रीमती बिंदू मैडम ने कहा कि मुझे याद है जब मैं आपकी उम्र की थी मैं भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करती थी और मुझे पता है कि यह आसान नहीं था। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत यदु ने किया।





## आदिवासी समाज के अध्यक्ष बने बाबूलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज तहसील छुरा जिला गारियाबंद के तत्वावधान में आदिवासी विकास परिषद भवन छुरा में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक पदाधिकारीयों को सर्व सहमति से नियुक्ति किया गया। अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव, उपाध्यक्ष चेतन ठाकुर, सचिव देवेश ठाकुर, महासचिव थानेश्वर कंवर, संरक्षक हेमलाल नेताम, महिला प्रभाग के अध्यक्ष हेमलता ध्रुव को नियुक्ति किया गया है। इस मौके पर प्रमुख रुप से सर्व आदिवासी समाज जिला संरक्षक छत्तरसिंग ठाकुर, जिलाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, सचिव शीतल ध्रुव, जिला मीडिया प्रभारी पुनितराम ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर व मिठाई खोलकर शुभकामनाएं दी।

## नोडल प्राचार्य ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**नवापारा-राजिम।** हायर सेकेंडरी स्कूल मनिकचौरी के प्राचार्य एस आर सोनबरसा द्वारा अपने अधीनस्थ दो मिडिल स्कूल, दो प्राइमरी एवं 10वीं 12वीं की परीक्षा संचालित की जा रही है जिसमें बच्चों की उपस्थिति सत प्रतिशत करने पेयजल की व्यवस्था परीक्षा हाल में प्रकाश एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था स्थित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है साथ-साथ बच्चों के अनुपस्थिति को भी चिंता जाहिर करते हुए बालकों से संपर्क एवं फोन के माध्यम से बच्चों को लोकल स्थानिक परीक्षा में उपस्थिति सुनिश्चित करने पर पहल की है ग्राम टोकरो एवं मनिकचौरी के स्कूलों में निरीक्षण करते हुए पर्यवेक्षक एवं बच्चों को नकल न करने की सुझाव एवं जांच किया गया जिस पर सारे बच्चे ईमानदारी से परीक्षा देते हुए पाया गया और निरीक्षण के दौरान केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक को सफल संचालन करने के लिए दिशा निर्देश साथ ही साथ मूल्यांकन कार्य एवं बच्चों के अंक सूची प्रगति पत्र व अन्य विषयों पर अपने अधीनस्थ स्कूलों को स्पष्ट गाइडलाइन जारी किया है।



## चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 30 से



मुड़ागांव(कोरासी)। जिले के छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द से एक किलोमीटर की दूरी पर निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना, मनोरम दृश्य शील पर अदृश्य दिव्यस्वरूपी आठवीं शताब्दी के माता रमई पाठ धाम में चैत्र नवरात्र पावन पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की जाती है। मुड़ागांव समिप खोपलीपाट पावन धाम 16 गांव समिति अमलोर में भी चैत्र नवरात्रि पर्व 18 वां वर्ष में भी ज्योति कलश स्थापना किया जाना है। चैत्र नवरात्र में ज्योति कलश स्थापना के लिए समिति के सदस्यों द्वारा तैयारी किया जा रहा है चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 30 मार्च दिन रविवार से कलश स्थापना होगा।

## योग ही निरोगी रहने का मंत्र है : मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा द्वारा अपने निःशुल्क योग कक्षा के ग्यारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पतंजलि युवा भारत एवं पूजा न्यूट्रिशियन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन गायत्री मंदिर में किया गया। उन्होंने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एकमात्र योग ही निरोग रहने का मंत्र है। योग केवल आत्म-साक्षात्कार ही नहीं कराता बल्कि यह मनुष्य को आरोग्य लाभ भी प्रदान करता है। अधिकांश रोग मानसिक तनाव के कारण होते हैं । ध्यानयोग के नियमित अभ्यास से मस्तिष्क तनाव - मुक्त हो जाता है, मन प्रफुल्लित रहता है और शरीर हल्का फुर्तीला एवं तेजस्वी बन जाता है तथा बुद्धि प्रखर हो जाती है।अतः अपने जीवन में कम से कम 1 घंटा योग को अवश्य अपनाएं। वहीं योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने योग प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर एवं आध्यात्म की विस्तृत जानकारी दी। योग साधकों को विभिन्न आसनों का अभ्यास भी कराया गया। उन्होंने मरकट आसन, शलभासन, मकरासन, भुजंगासन , बज्रासन आदि आसनों का अभ्यास कराया। प्राणायाम को प्राणदायनी बताते हुए उन्होंने भस्त्रिका, कपालभाति, भ्रामरी, उदगीथ प्राणायाम के साथ ध्यान की सरल विधि से अवगत कराया शिविर में दर्जनों की संख्या में योग साधक मौजूद थे। बता दें कि योगाचार्य मिथलेश सिन्हा द्वारा निरंतर ग्यारह वर्ष से क्षेत्र में योग की निस्वार्थ सेवा की जा रही है प्रतिदिन 6 बजे से 7 बजे तक गायत्री मंदिर प्रांगण में एवं ऑनलाइन माध्यम से योग करवा रहे हैं जिससे कई योग साधकों को बहुत लाभ हुआ है। शिविर में शंकर सचदेव, पवन सिन्हा, तीजू चक्रधारी, कृष्णा यादव, अभिनव साहू, पूजा यादव, चंद्रकांत यादव, विजय सेन, भुनेश्वर पटेल, साहिल यादव, गणेश अग्रवाल, कोमल देवांगन आदि उपस्थित थे।



## एक मिलियन सीड बॉल और 50 हजार पौधे नर्सरी में करें तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विश्व वानिकी दिवस के शुभ अवसर को लेकर विश्व पर्यावरण दिवस तक खोज एवं जन जागृति समिति द्वारा जिला बालोद, धमतरी और गरियाबंद के 100 सामुदायिक वन संसाधन प्राप्त ग्राम सभाओं के माध्यम से 1 मिलियन सीड बॉल और 50000 पौधों का नर्सरी तैयार करने का आह्वान किया गया है। जिसे ग्राम सभा द्वारा अपने पारंपरिक सीमा के जंगल में सीड बॉल का छिड़काव करने और नर्सरी के पौधे को रोपण करने का कार्यक्रम किया जाएगा। इसी तारतम्ब में बालोद जिला के डौंडीलोहारा ब्लॉक से ग्राम तुमडीकसा में 8000 सीड बॉल, 500 पौधे, हुच्चे टोला में 5000, मरसकोला में 4000, कुदारी में 6000, मुड़ पार में 3000 सीड बॉल, इसी प्रकार गरियाबंद जिला के गरियाबंद ब्लाक से ग्राम कारीडोंगरी में 1000 सीड बाल, कामेपुर में 1000, भैसामुड़ा में 500, बोड़ापाला में 500, एवं मैनपुर ब्लाक के ग्राम छुइया में 500 नग सीडबाल, कठवा में 300 पौधों का नर्सरी, बेसराझर में 300 पौधों का नर्सरी, बंजारी बाहरा में 100 पौधों का नर्सरी, करलाझर में 1000 सीड बाल एवं धमतरी जिले के नगरी ब्लाक अंतर्गत तुमड़ीबहार 500 पौधा का नर्सरी, भीरागाँव 500 पौधो का नर्सरी, करका में 1000 सीडबाल,ठेमलीपारा में 1300 सीडबाल, करका 1000 सीडबाल, ठेमलीपारा 1300 सीडबाल, भैसामुड़ा में 2500 सीडबाल, मटियाबाहरा 2000 सीडबाल एवं 500 पौधे का नर्सरी खुदुरपानी 2000 सीडबाल तैयार किया गया है, विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर तैयार करने की प्रक्रिया को 5 जून 2025 विश्व पर्यावरण दिवस तक ग्राम सभा सदस्यों द्वारा सतत प्रक्रिया में किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम से जन, वन और वन्य प्राणियों की अटूट रिश्ता से आज की जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए रास्ता मिलेगा तथा इस कार्यक्रम को सतत बढ़ाने के लिए खोज एवं जन जागृति समिति मैनपुर से सरस्वती ध्रुव, बेनीपुरी गोस्वामी, लोकनाथ सोनवानी, उषा ठाकुर,उमा ध्रुव,बरखा गोस्वामी मीनाक्षी यादव लोकेश्वरी ठाकुर,सत्यवती यादव, रामेश्वर कपिल, मन्नू लाल नेताम, हरीश नेताम एवं ग्राम सभा सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport